# गड्ढे में पलटी कार, महिला की मौत

## घंटों मशक्कत के बाद क्रेन के सहारे कार को निकाला गया बाहर

हादसा

### किसी तरह से सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहा चालक


गड्ढे में पलटी कार

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मधुबनी गांव में रविवार की देर शाम बाइक सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पानी से भरे गड्ढे में पलट गई। इससे कार में सवार महिला की पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि चालक सुरक्षित निकलने में सफल रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बता दे कि माधुरी देवी (48) पत्नी संजय कुमार निवासी छाता रविवार को क्षेत्र के मधुबनी गांव में अपनी बहन के घर उसकी बेटी की शादी में भाग लेने आ रही थी कि गांव में घुसते ही सामने से बाइक सवार आ गया। उसे बचाने के चक्कर में चालक ने ब्रेक ले लिया। इससे असंतुलित होकर कार सड़क के बगल में स्थित पानी से भरे गहरे गड्ढे में पलट गई। पानी में डूबने के कारण कार में सवार माधुरी देवी की मौत हो गई, जबकि चालक किसी तरह से कार से सुरक्षित निकलने में सफल रहा। माधुरी देवी की मौत की सूचना पर शादी के घर में मातम पसर गया। आनन-फानन में मृतका के परिजनों को घटना की सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस बाबत पूछने पर सुरेमनपुर के चौकी इंचार्ज अशोक कुमार ने बताया कि मधुबनी निवासी कैलाश गुप्ता के घर बारात आई थी। जिस लड़की की शादी हो रही थी, वह मृतका की बहन की बेटी है। उसकी शादी में भाग लेने के लिए माधुरी कार से आ रही थी कि यह हादसा हो गया। घंटों मशक्कत के बाद क्रेन के सहारे कार को पुलिस ने गड्ढे से बाहर निकलवाया।

### स्कॉर्पियो पलटने से युवक की मौत, तीन गंभीर



**रसड़ा।** रसड़ा-बलिया मार्ग पर स्थित अमहर गांव के गैस एजेंसी के समीप रविवार की देर रात बारात से लौट रही स्कार्पियो अनियंत्रित होकर गड्ढे मे पलट गई। इससे जहा एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। आस-पास के लोगो ने घायलों को सीएचसी रसड़ा पहुचाया, जहा प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने सभी घायलों को मऊ जनपद के लिए रेफर कर दिया। बता दें कि रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के माधोपुर गांव निवासी विशाल सिंह के घर से रविवार को गाजीपुर के बरेसर में बारात गई हुई थी। कुछ बाराती खाना खाने के बाद वापस घर आ रहे थे कि अमहर गाव के समीप गैस एजेंसी के पास स्कार्पियो अनियंत्रित होकर बगल के गड्ढे में पलट गई। इससे माधोपुर गांव निवासी अजीत सिंह (45) पुत्र तेज प्रताप सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि माधोपुर गांव निवासी अजय सिंह (38) पुत्र शिवराम सिंह, अर्जुन सिंह (35), आदित्य सिंह (25) पुत्र मुन्ना सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### जमीनी विवाद में मारपीट, एक घायल

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र के कस्बा में सोमवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। आनन-फानन में उसे जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहा उसका इलाज चल रहा है। इधर, पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद दो लोगो को हिरासत में लेकर आगे की कार्यवाही कर रही है। जानकारी के अनुसार चेरुइया निवासी मुन्ना गुप्त उर्फ दिलीप और संतोष गुप्ता के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। बता दे कि संतोष गुप्ता फेफना स्थित मकान में दुकान किए है, जिसमे मुन्ना उर्फ दिलीप भी रहते है। सोमवार को किसी बात को लेकर पहले तू-तू, मैं-मैं हुआ। इसके बाद दोनो पक्ष आपस में भिड़ गये। इसमें मुन्ना गुप्ता (45) घायल हो गए। वही, सूचना पर पहुंची पुलिस ने संतोष गुप्ता और नीतीश गुप्ता को हिरासत में ले लिया। समाचार लिखे जाने पर मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था। इधर, मुन्ना उर्फ दिलीप गुप्ता का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। इस संबध में थाना प्रभारी बृजमोहन सरोज ने बताया कि तहरीर के आधार पर संतोष गुप्ता और नीतीश गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## संक्षेप

### कांग्रेसियों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**सिकंदरपुर।** किसान, न्याय, युवा न्याय एवं महिला उत्पीड़न के खिलाफ कांग्रेस नेता सुमारिया देवी के नेतृत्व में सोमवार को दर्जनों कार्यकर्ता सिकंदरपुर तहसील पर पहुचे और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार प्रवीण कुमार सिंह को सौंपा। ज्ञापन में गांधीवादी तरीके से शांतिपूर्ण आंदोलन करने पर बल प्रयोग न करने, महिलाओं के प्रति कठोर कानून बनाने, किसान न्याय के तहत एमएसपी की गारंटी देने, बेरोजगारों को रोजगार देने आदि की मांग किया गया था। इस अवसर पर राजकुमारी देवी, तेतरी देवी, नदीम, शमीम, अहमद खान, अख्तर अली, अब्दुल बारी, संगीता देवी, शांति देवी, मीरा, ममता, शकुंतला, विजय, तारीक अजीज, देवेंद्र पांडेय, प्रेमचंद चौहान, मजीद, शमीम अख्तर आदि मौजूद रहे।

### मंडलायुक्त ने ग्राम प्रधान को किया सम्मानित



**मझौवां।** विकास खण्ड बेलहरी के ग्राम पंचायत दीघार की प्रधान श्रीमती नीलम यादव पत्नी मनोज यादव को आजमगढ़ मंडलायुक्त मनीष चौहान ने उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मनित किया। साथ ही इन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रधान श्रीमती नीलम यादव को सम्मानित करने के बाद मंडलायुक्त मनीष चौहान ने कहा कि आपकी मेहनत एवं लगन प्रेरणादायक है। इससे महिलाओं को शक्ति मिलेगी। ग्रामीण ग्राम प्रधान श्रीमती नीलम यादव एवं प्रधान प्रतिनिधि मनोज यादव को बधाई दे रहे है।

### सीओ ने मातहतों को दिया आवश्यक निर्देश



**चितबड़ागांव।** उत्तर प्रदेश-बिहार सीमा के आस-पास के क्षेत्रों का निरीक्षण करने के लिए रविवार की शाम सीओ सदर श्यामकांत पहुचे। उन्होंने पुलिस टीम के साथ चितबड़ागांव मोड़ पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही दोनों प्रदेशों से आने-जाने वाले लोगों के सामानों एवं वाहनों की जांच सुरक्षा की दृष्टि से करने की हिदायत दिया। इस मौके पर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार चौधरी, फेफना थानाध्यक्ष बृजमोहन सरोज पूरे दल-बल के साथ मौजूद रहे।

### बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का चयन/ट्रायल्स 18 एवं 19 को

**बलिया।** खेल निदेशालय उप्र लखनऊके तत्वावधान में यूपी कुश्ती एसोसिएशन के समन्वय से प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 27 दिसम्बर तक जिला खेल कार्यालय मऊमे किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आजमगढ़ मण्डल की टीम का जनपदीय चयन/ट्रायल्स 18 दिसम्बर को वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम बलिया में एवं मण्डलीय चयन/ट्रायल्स 19 दिसम्बर को सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम आजमगढ में प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। उक्त चयन/ट्रायल्स में प्रतिभाग करने वाली जूनियर बालिका कुश्ती खिलाडियों की जन्मतिथि वर्ष 2004-2006 में जन्में (18-20 वर्ष) और 2007 (17 वर्ष) के खिलाड़ी को चिकित्सा व माता-पिता के प्रमाण-पत्र के साथ भाग ले सकते है। जिसमें खिलाड़ियों को पात्रता प्रमाण-पत्र, खिलाडियों को जन्मतिथि प्रमाण-पत्र (हाईस्कूल सर्टिफिकेट, नगर निगम द्वारा जारी प्रमाण-पत्र) की छायाप्रति सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य से प्रमाणित साथ में लाना अनिवार्य है। जिले के इच्छुक जूनियर बालिका खिलाड़ी इस चयन/ट्रायल में भाग ले सकती है। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी 25 से 27 दिसम्बर तक जिला खेल कार्यालय मऊ मे आयोजित प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला खेल कार्यालय बलिया में सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

### मनुष्य के मस्तिष्क पर पड़ता है खान-पान का असर

**बलिया।** जयगुरूदेव संगत बलिया के तत्वावधान में गड़वार ब्लाक के घुसौटी गांव में शाकाहार सदाचार मद्य निषेध जनजागरण अभियान के तहत आयोजित सत्संग सभा में प्रेमशंकर मौर्य ने कहा कि जैसा खावे अन्न, वैसा होवे मन। खान-पान का असर मनुष्य के मस्तिष्क पर पड़ता है। उन्होंने श्रीरामचरित मानस के उस प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि रावण के भाई कुंभकरण का भी खान-पान रावण जैसा ही था। जब उसे रावण ने जगाया और सीता हरण, राम से युद्ध की बात बतायी तो वहीं कुंभकरण नसीहत देते हुए कहा है कि सीता को वापस करके माफी मांग लो। इस रावण कहता है कि अभी आप जग हो। नास्ता एवं भोजन के बाद बात करते है। नास्ते में भैंसे का मांस और घड़े का शराब पीने के बाद कुंभकरण की बुद्धि फिर भ्रष्ट हो गई और युद्ध के लिए निकल पड़ा। यानी तामसिक भोजन करने से विचार एवं चिंतन भी तामसिक हो जाता है। इस अवसर पर विश्राम गुप्त, शिवजी यादव, मुखराम प्रसाद बिन्द आदि मौजूद रहे। संचालन शंभू वर्मा ने किया। लालजी प्रसाद ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मनरेगा एवं राज्य वित्त से बन रहा खेल मैदान

मिलेगा लाभ

### युवाओं को खेल मैदान उपलब्ध कराने के लिए आगे आयी ग्राम पंचायत



रुद्रवार में बना मनरेगा पार्क/खेल मैदान

**सिकंदपुर।** ग्रामीण क्षेत्र के किशोर एवं युवाओं को खेलों का अभ्यास करने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। ग्राम पंचायतें ग्राम सभा की खाली जमीन पर मनरेगा से खेल मैदान का निर्माण कर रही हैं। ग्राम पंचायत रुद्रवार में खेल मैदान का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। खेल मैदान बनने से खेल प्रेमी खुश हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की भरमार है, लेकिन उचित मार्गदर्शन और अभ्यास न होने से प्रतिभाएं निखर नहीं पातीं। गांवों के किशोरों को खेलों की प्रैक्टिस करने को भटकना पड़ता है। गांवों में सड़कों के किनारे युवाओं द्वारा दौड़ लगाया जाता है। वही, गांव में सूखे तालाबों, सूखी नदियों में वालीबाल खेलते युवा दिखाई देते हैं। खेल प्रतिभाओं को खेल मैदान उपलब्ध कराने के लिए शासन के निर्देश पर ग्राम पंचायतें आगे आई हैं। नवानगर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत रुद्रवार की प्रधान नमिता राय ने अपने गांव में मनरेगा योजनान्तर्गत भव्य खेल मैदान का निर्माण कराकर गांव के युवाओं के चेहरे पर खुशहाली ला दी हैं। वही, खेल मैदान के दरवाजे पर गेट भी लगा है। खण्ड विकास अधिकारी विनोद कुमार बिंद एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी नवानगर विनय कुमार वर्मा ने पार्क की गुणवत्ता का गहनता से निरीक्षण भी किया।

इस कार्य का संदरीकरण कार्य अभी जारी है। बताया कि इसके निर्माण पर मनरेगा एवं राज्य वित्त से कुल 35 लाख रुपये खर्च किए जा रहे है। एक एकड़ में इस मैदान का निर्माण कराया गया है। गांव के युवक अजित कन्नौजिया, अजय लाल श्रीवास्तव, विनय राय, भोला राजभर ने बताया कि खेल मैदान नहीं होने के चलते सड़कों पर सुबह और शाम में दौड़ की प्रैक्टिस करनी पड़ती थी। युवक अरूण राजभर, अजय वर्मा, मुरारी पटेल आदि ने बताया कि इसकी मांग लंबे समय से की जा रही थी, लेकिन उम्मीदों को पंख नहीं लग लग पा रहे थे। अब ग्राम पंचायत की ओर से खेल मैदान का निर्माण कराए जाने से सभी युवाओं को इसका लाभ मिलेगा।



> ग्राम पंचायत रुद्रवार में विकास का कार्य लगातार चल रहा है। खेल मैदान बनने से युवाओं को काफी सहूलियत होगी। इसके साथ ही गांव में राशन वितरण के लिए अन्नपूर्णा कैंद्र, सामुदायिक शौचालय, ग्राम सचिवालय, आरआरसी सेंटर का भी निर्माण कराया जा चुका है। सरकार की सभी योजनाओं को शत-प्रतिशत धरातल पर उतारा जा रहा है।
>
> नमिता राय, ग्राम प्रधान, रुद्रवार

> यह खेल मैदान एक एकड़ भूमि पर बना है। इसमे वालीबाल, बैडमिंटन के लिए प्लेटफार्म तैयार किया गया है। दौड़ने के लिए ट्रैक बना है। क्रिकेट खेलने के लिए भी पर्याप्त जगह उपलब्ध कराई गयी है। इसके अलावा कसरत करने एवं टहलने के लिए भी पर्याप्त स्थान खेल मैदान में उपलब्ध है। इसके अलावा ओपन जिम, बच्चो के लिए झूला आदि स्थापित किया जा रहा है। इसमें सुबह और शाम में गांव के बुजुर्ग भी टहल सकते हैं। कोई बड़ी सार्वजनिक सभा भी हो सकती है।
>
> पवन कुमार राय, प्रधान प्रतिनिधि, रुद्रवार

# विशाल कलशयात्रा में शामिल हुए श्रद्धालु

लिया भाग

### भगवान श्री विद्याप्रद वेंकटेश्वर स्वामी की प्राण प्रतिष्ठा


कलशयात्रा में शामिल श्रद्धालु

**बलिया।** नगर के सहरसपाली स्थित सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्रांगण में 13 दिसंबर से 15 दिसंबर तक भगवान श्री विद्याप्रद वेंकटेश्वर स्वामी के प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का भव्य और पवित्र आयोजन संपन्न हुआ। वैखानस आगम परंपरा के विद्वानों द्वारा वैदिक विधियों के साथ प्राण प्रतिष्ठा की गई।

विशाल शोभायात्रा में विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ भाग लिया। नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए शोभायात्रा विद्यालय परिसर पहुंची, जहां छात्र और शिक्षकों ने भगवान के स्वागत में दीप, पुष्प और भव्य झांकियों के साथ अपनी श्रद्धा प्रकट की। शोभायात्रा की विशेषता मेलम पार्टी की पारंपरिक नादस्वरम और थाविल वाद्यों की धुनें थीं, जिसने पूरे आयोजन को भक्तिमय और भव्य बना दिया। कलश पूजन के पश्चात भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी ने भक्तों को अपने दिव्य स्वरूप में दर्शन दिए। भगवान पीले मेचलाट वस्त्र में सुसज्जित थे, जिन पर सुनहरी कढ़ाई और अलंकृत आभूषणों की चमक उनकी दिव्यता को और भी अद्भुत बना रही थी।

कार्यक्रम की भव्यता को और अधिक बढ़ाने के लिए विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए। छात्रों ने भगवान के प्रति अपनी भक्ति और श्रद्धा को रंगीन परिधानों और मनमोहक नृत्य प्रदर्शनों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। उनकी प्रस्तुतियां भारतीय संस्कृति और परंपराओं की झलक थीं, जिन्हें उपस्थित सभी दर्शकों ने खूब सराहा।

#### व्यक्त किया आभार

**बलिया।** कार्यक्रम के समापन पर कीर्तिमान पाण्डेय ने सभी श्रद्धालुओं, मेलम पार्टी और आयोजन से जुड़े सभी व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा कि आप सभी के सहयोग और समर्पण से यह दिव्य महायज्ञ संभव हुआ। भगवान वैकटेश्वर का आशीर्वाद हम सब पर सदा बना रहे।

#### यह आयोजन संस्कृति एवं परंपराओं को करेगा सुदृढ़

**बलिया।** महायज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सफलता पर सेक्रेड हार्ट स्कूल की प्रधानाध्यापिका नम्रता पाण्डेय ने सभी भागवत भक्तों, शिक्षकों, छात्रों और आयोजन समिति के सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी का आशीर्वाद पाकर हम सब धन्य हो गए हैं। यह आयोजन हमारी संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। छात्रों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक नृत्य और शिक्षकों का समर्पण इस आयोजन की सफलता में मुख्य योगदान रहे।

इस पवित्र अवसर पर हरिहरक्षेत्र पीठाधीश्वर स्वामी लक्ष्मणाचार्य जी महाराज की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और भी बढ़ाया।

### मरते दम तक सेवानिवृत्त शिक्षक को नहीं मिली पेंशन

**बैरिया।** सेवानिवृत्त होने के एक दशक बाद तक पेंशन के लिए हाकिमो के दरवाजे पर दस्तक देते-देते प्राण पखेरू उड़ गए, किंतु सेवानिवृत्त शिक्षक को विभाग ने पेंशन नहीं दिया। मामला जूनियर हाईस्कूल श्रीनगर नंबर एक का है। उक्त विद्यालय में दया छपरा निवासी गिरजाशंकर पांडेय सहायक अध्यापक थे। सेवानिवृत्त होने के बाद विद्यालय में विभिन्न तरह के उपजे विवाद एव अधिकारियो की मनमानी के कारण उनका पेंशन भुगतान नहीं किया गया। इस बीच बेसिक शिक्षा अधिकारी से लेकर बेसिक शिक्षा सचिव तक सबके दरवाजे पर सहायक अध्यापक गिरजा शंकर पांडेय ने दस्तक दिया। उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। उच्च न्यायालय ने भी पेंशन भुगतान के लिए विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई करने का आदेश दिया। बावजूद इसके उनका पेंशन भुगतान नही हुआ। पेंशन की राह देखते-देखते 24 नवंबर को हार्ट अटैक से उनके प्राण पखेरू उड़ गए। अब बकाया पेंशन और पीएफ भुगतान के लिए उनके पुत्र विनीत कुमार पांडेय ने मुख्यमंत्री के दरबार में दस्तक लगाई है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दरबार में सबको न्याय मिलता है। मुझे भी न्याय मिलेगा। मैं इसके लिए आशान्वित हू।

# द्विवार्षिक अधिवेशन को लेकर बढ़ी सरगर्मी

तैयारी तेज

### अधिवेशन को सफल बनाने के लिए कर्मचारी नेता ने झोंकी ताकत


कर्मचारियो को आमंत्रण पत्र देते कर्मचारी नेता वेदप्रकाश पांडेय

**बलिया।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उप्र के 23 दिसम्बर को होने वाले द्विवार्षिक अधिवेशन की सरगर्मी तेज हो गई है। अधिवेशन के मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी एवं प्रांतीय महामंत्री शिवबरन यादव होंगे। अधिवेशन की सफलता के लिए संगठन के मंत्री वेदप्रकाश पाण्डेय विगत एक सप्ताह से विभिन्न कार्यालयों में संपर्क कर रहे हैं।

विगत दिनों में उद्यान विभाग, विकास भवन, कृषि भवन, सिंचाई विभाग, डिप्लोमा इंजीनियर संघ, प्रोबेशन आफिस, कोषागार, पीडब्ल्यूडी, नलकूप, मलेरिया विभाग, परिवहन, आईटीआई, टाउन पालीटेक्निक, कलेक्ट्रेट मिनिस्टीरियल संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, होमगार्ड संघ, शहर के सभी बड़े कालेजों व इंटर कालेजों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मिलने के बाद उन्होंने सुशील त्रिपाठी, विनोद मिश्र, अनिल यादव तथा ददन यादव के साथ उप्र सीनियर बेसिक शिक्षक संघ की चंद्रशेखर उद्यान में चल रही बैठक के दौरान पहुंच कर पदाधिकारियों को अधिवेशन के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान उन्होंने सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अशोक केसरी, अनिल सिंह, अनूप सिंह, रामप्रताप सिंह, निर्भय शंकर राय, सुधीर उपाध्याय, पुष्पराज सिंह व राजेश सिंह आदि को अधिवेशन का आमंत्रण पत्र दिया। वेदप्रकाश पाण्डेय ने जानकारी दिया कि संघों के नियमावली के अनुरूप राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा ससमय अपना अधिवेशन एवं चुनाव की प्रक्रिया कराये जाने का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। इसी क्रम में द्विवार्षिक अधिवेशन और चुनाव 23 दिसम्बर को पूर्वाह्न 10.30 बजे गंगा बहुद्देशीय सभागार में कराया जाना सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने कर्मचारियों से अधिवेशन में शामिल होने की अपील किया है।

# 60 प्रतिशत घरेलू गैस सिलेंडर का हो रहा अवैध इस्तेमाल


प्रेसवार्ता करते ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन के पदाधिकारी

बोले अक्षय

### वितरक कर रहे उज्ज्वला लाभार्थियों के सिलेंडरों का दुरुपयोग

**बलिया।** ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन सोलंके के आदेशानुसार शहर-शहर जाकर जन जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। फाउंडेशन के विभागीय जनसंपर्क अधिकारी अक्षय मिश्र ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर बेहद सुरक्षित और गैर प्रदूषणकारी ईंधन है। लगभग 60 प्रतिशत घरेलू सिलेंडरों का उपयोग अवैध रूप से व्यवसायिक स्थानों पर किया जा रहा है। इनमें 14.2 किग्रा वाले सिलेंडरों का उपभोग 35 प्रतिशत है, जबकि 16 किग्रा या अन्य व्यवसायिक सिलेंडरों के मामले में 25 प्रतिशत कच्चे बिल का उपयोग खतरनाक तरीके से किया जा रहा है। घरेलू सिलेंडरों का इस्तेमाल एलपीजी वाहनों में भी किया जा रहा है। कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एलपीजी गैस सीधे टैंकरों से ली जा रही है और लगभग 15 फीसदी सिलेंडरों में इसे भरा जाता है। यह बहुत खतरनाक है। एलपीजी से जुड़ी शिकायतों और दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए राज्य और जिला स्तर पर सतर्कता समिति जैसी समितियां बनायी गई है, जिसे नजरअंदाज किया जा रहा है। कहा कि पीएम उज्ज्वला योजना के तहत 2014 से अब तक लगभग 6.58 करोड़ लोगों को 100 रुपये शुल्क के साथ एलपीजी सिलेंडर दिया गया है। एलपीजी सिलेंडर की खरीद पर भारी छूट भी दी जा रही है, लेकिन अक्सर देखा जा रहा है कि उज्ज्वला लाभार्थी पूरे 12 सिलेंडर नहीं ले रहे है। वितरक इसका दुरूपयोग कर रहे है और अनुचित लाभ उठा रहे है। विनय पांडेय ने बताया कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर का बड़े स्तर पर अवैध इस्तेमाल किया जा रहा है। जो ग्राहक निर्धारित गैस सिलेंडर का उपयोग नहीं कर पाते, उनके शेष सिलेंडरों की कालाबाजारी हो रही है। इसकी अवैध बिक्री रोकने से जीएसटी राजस्व में बढ़ोत्तरी हो सकती है। कामर्शियल लोग घरेलू गैस सिलेंडर का चोरी छिपे इस्तेमाल करते है। प्रशासन पर इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने घरेलू गैस सिलेंडर में क्यूआर कोड से ट्रैकिंग प्रारंभ करने की मांग की।

# जल-जीवन मिशन में लापरवाही पर होगी कार्रवाई


समीक्षा बैठक लेते डीएम

बोले प्रवीण लक्षकार

### अधिशासी अभियंता को कार्रवाई के लिए शासन को पत्र लिखने का निर्देश

**बलिया।** डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक कर जल-जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे हैं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने जल-जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे हैं कार्यों यथा-ओवरहेड टैंकों का निर्माण कार्य, पाइपलाइन बिछाने के कार्य एवं कनेक्शन आदि कार्यों में प्रगति न पाए जाने एवं कार्यों में रुचि न लेने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम मुकीम अहमद को एजेंसियों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए शासन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एजेंसियों से कहा कि कार्ययोजना बनाकर ओवरहेड टैंक का निर्माण, पाइप लाइन बिछाने का कार्य तथा कनेक्शन के कार्यों में प्रगति सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क को मानक के अनुसार बनाया जाय। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज को प्रत्येक सप्ताह जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार गुप्ता, जिला विकास अधिकारी आनन्द प्रकाश तथा जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजेश कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### दुकानदारों ने दोबारा अतिक्रमण कर सजा दी दुकान



**बैरिया।** स्थानीय बाजार में सड़कों पर अतिक्रमण एक बड़ी समस्या बन गया है। दुकानदार अतिक्रमण हटवाने के बाद भी अतिक्रमण करने से बाज नही आ रहे है। एक सप्ताह पूर्व नगर पंचायत बैरिया द्वारा स्थानीय बाजार में अतिक्रमण हटाया गया था। अब अतिक्रमण पुनः बहाल होकर फलने-फूलने लगा है। जिनका अतिक्रमण हटाया गया है, उन लोगों द्वारा दोबारा अतिक्रमण कर अपनी दुकान सजा ली गई है। इससे लोगों को आवागमन में भारी असुविधा हो रही है। ई-रिक्शा चालकों के लिए गाइडलाइन तय की गई थी। किस दिशा में जाने वाला ई-रिक्शा कहां खड़ा होगा और किस रूट में चलेगा? इसके संदर्भ में स्थानीय पुलिस, एसडीएम सुनील कुमार एवं नपं के अधिशासी अधिकारी नौशाद आलम द्वारा रूट तय किया गया था। उसे भी ई-रिक्शा वालों ने नहीं माना। पहले की तरह जहां-तहां बीच सड़क पर बेतरतीब ई-रिक्शा को खड़ा करके यात्रियों को चढ़ाने-उतारने का क्रम जारी है। इस संदर्भ में पूछने पर नगर पंचायत बैरिया के अधिशासी अधिकारी नौशाद आलम ने बताया कि मजिस्ट्रेट का अभाव है। अतिक्रमण हटाने में स्थानीय प्रशासन द्वारा मजिस्ट्रेट की सेवा सुलभ नहीं कराई जा रही है। इसके कारण अतिक्रमण हटवाने में परेशानी हो रही है। जल्द ही ई-रिक्शा के परिचालन को व्यवस्थित किया जाएगा और दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## जाकिर हुसैन की अदा



कुछ लोगो को अलविदा कहने का जी नहीं करता/उस्ताद जाकिर हुसैन उनमें से एक है./उनके तबला वादन की कला जुदा थी/उनकी उंगलियों में जादू था /उनकी जुल्फे उनके साज में शामिल /हो जाती थी/ जिस अदा से वे अपनी जुल्फे /झटकते थे वह बेमिशाल अदा थी

संगीत को उन्होंने आधुनिक. और शास्त्रीय बनाया/ जिन्हे संगीत की जानकारी नही थी. वे थम कर उन्हें सुनते थे /मैं उन बदनसीबों में हूँ जिसने उनका लाईव नही देखा है/लेकिन जब उन्हें टी वी पर देखकर चकित हो जाता था./ वे डूबकर तबला वादन करते थे/ ऐसे में उनकी देह मुद्रा / गजब की हो. जाती थी.

अब वे खुदा के दरबार में चले गये है और/उनकी महफिल गुलजार करेंगे/ बार बार नमन और याद

- स्वप्निल श्रीवास्तव

## जनसंपादकीय

# हिन्दू राष्ट्र का औचित्य ?

डा. ओपी मिश्र



इस समय हिन्दु राष्ट्र पर्याप्त चर्चा में है। देश का एक राष्ट्रीय दल और उसके साथी भारत को हिन्दु राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा देश भारतीय राष्ट्र है। इसमें हिन्दु, मुसलमान, जैन, बौद्ध, सिख, पारसी, ईसाई आदि कई शताब्दियों से साथ-साथ रह रहे हैं। हमारी साझा संस्कृति है। आज भारत राष्ट्र के स्थान पर हिन्दू राष्ट्र बनाने की जरूरत क्या और क्यों आन पड़ी ? अखण्ड को खंडित करने का क्या औचित्य है ? क्या भारत को आजाद कराने में केवल हिन्दुओं ने ही अपनी बलि दी ? इतिहास साक्षी है कि प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व बहादुर शाह जफर ने किया था। वे उस समय 82 वर्ष के थे। क्रान्तिकारियों ने एक स्वर से उन्हें अपना नेता चुना था। आजादी की लड़ाई का नेतृत्त्व करने के फलस्वरूप ब्रिटिश सरकार ने उन पर देशद्रोह का मुकदमा चलाया और रंगून भेज दिया। वहीं 1862 को उनकी मृत्यु हो गई। आजादी की लड़ाई जब आगे बढ़ी तब काकोरी रेलवे स्टेशन पर गाड़ी रोक कर जिन्होंने खजाना लूटा उनमें अशफाक उल्ला खाँ प्रमुख थे। जिसमें खजाना था उस संदुक को अशफाक ने ही तोड़ा था। तत्पश्चात अबुल कलाम आजाद, मौलाना मोहम्मद अली जौहर, हसरत मोहानी आदि ने लड़ाई को और धार दी। 1965 के युद्ध में अब्दुल हमीद ने पाक के कई पैटन टैंक तोड़कर अपनी देशभक्ति का परिचय दिया। सार यह है कि भारत को आजाद कराने में मुसलमान हिन्दुओं से कतई पीछे नहीं रहे। आज का आजाद भारत क्या उनका नहीं है ? क्या भारत के हिन्दू राष्ट्र बनने से उनकी शहादत की उपेक्षा नहीं होगी ?

**स्वतंत्र भारत में तीन मुसलमानों-डॉ0 जाकिर हुसैन, श्री फखरूद्दीन अली अहमद और डॉ0 ए0पी0जे0 कलाम ने राष्ट्रपति बनकर देश को आगे बढ़ाया। क्या उनकी सेवाओं को नकारा जा सकता है ?**

साहित्य के क्षेत्र में कई मुसलमान कवियों ने भारत के महापुरुषों तथा पर्वों पर कविताई की है। क्या अमीर खुसरो (1253-1325) जो भारत पर फिदा था, को नकारना राष्ट्र प्रेम होगा ? रसखान (1553-1618) के कृष्ण प्रेम तथा ब्रजभूमि को भुलाना या कम आँकना उचित होगा ? कवयित्री ताज (1559-1628) को कौन भुला सकता है जिसने कहा था, 'नंद के कुमार कुरवान तेरी सूरत पै/ हौं तो मुगलानी हिन्दुवानी ह्वै रहूँगी मैं।' आजाद भारत में अब्दुरशीर खाँ (1898-1980) क्या किसी हिन्दू से कम देश प्रेमी थे ? उन्होंने लिखा-'नंदी सवार, सुशोभित शंभु/ 'रशीद' हिए मे छटा छहरें।'

20वीं सदी के रसूल खाँ (1916-1962 ई0) जुमई खाँ, रफीक सादानी, निदा फाजली आदि के साहित्य पर विचार करना भी ठीक रहेगा ? रसूल खाँ ने पवनसुत हनुमान, दशरथ पुत्र श्रीराम, हिन्दी तथा भारत पर लिखा है-'ऐसी देव भाषा पर गर्व है 'रसुल' कवि/भारत स्वदेश को सदैव अभिमान है।' जमुई खाँ आजाद (प्रतापगढ़) के गीतों में भारतीयता, राष्ट्रभक्ति आदि का चित्रण है-'फूल टूटी जवन बस वतन के बरे/ शीश चरनन माँ मइया झुकावत रहब।' रफीक सादानी और निंदा फाजली ने भी हमारी राजनीति और आचार-विचार पर पर्याप्त नज्में लिखी है।

स्वतंत्र भारत में तीन मुसलमानों-डॉ0 जाकिर हुसैन, श्री फखरूद्दीन अली अहमद और डॉ0 ए0पी0जे0 कलाम ने राष्ट्रपति बनकर देश को आगे बढ़ाया। क्या उनकी सेवाओं को नकारा जा सकता है ? डॉ0 कलाम ने विज्ञान के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए। संगीत के क्षेत्र में कई मुस्लिम हस्तियों ने देश को अन्तरराष्ट्रीय ख्याति दिलाई। इनमें उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ (शहनाई), अहमद अली खाँ (सरोद), अहमद जान थिरकुआ (तबला) आदि हमारे गौरव हैं। इन्हें भूलना एहसान फरामोशी होगी। मुसलमान ही नहीं बौद्धों, जैनियों और सिक्खों ने भी देश को बहुत कुछ दिया है। कल वे भी अपने लिए राष्ट्र की मांग कर सकते है।

हमारे संविधान में 'हिन्दु राष्ट्र' का उल्लेख नहीं है। यह देश सबका है। संविधान की आत्मा के विरुद्ध कार्य करना संविधान का अपमान होगा। देश में प्रजातंत्र है। इसके अन्तर्गत स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के आदर्श का समावेश होता है। हिन्दू राष्ट्र बनने से क्या इन आदर्शों की हत्या नहीं होगी ? हमारे शास्त्रों में सभी सुखी हों, सभी निरोगी हों और किसी को कष्ट न हो की बात कही गई है। भारत राष्ट्र के अतिरिक्त किसी भी जातीय राष्ट्र का राग अलापना उक्त आदर्श की उपेक्षा होगी।

कौन नहीं जानता कि प्रत्येक क्रिया की प्रतिक्रिया होती है। आज हिन्दू राष्ट्र की मांग है तो कल मुस्लिम राष्ट्र, जैन राष्ट्र, सिख राष्ट्र आदि की भी माँग हो सकती है। क्या इससे देश के कई टुकड़े नहीं होंगे ? हिन्दू राष्ट्र हिन्दु राष्ट्र चिल्लाने का परिणाम यह हो रहा है कि मुसलमान अब और सक्रिय और संगठित हो गये हैं। हमने उन्हें जगा दिया है। यदि प्रतिक्रिया होगी तो रक्तपात होना स्वाभाविक है। मेरा सुझाव है कि हिन्दुओं की रक्षा के लिए प्रतिक्रिया से बचना ठीक होगा। शायर कहता है-'हम कहीं हिन्दू कहीं मुस्लिम बने बैठे रहे/धर्म की चौपाल पर सारा वतन जलता रहा।'

समय का तकाजा है कि धर्म की चौपाल पर वतन जले नहीं बल्कि इंसानियत की नजीर बने जहाँ सभी जातियों और धर्मों के लोग शान्तिपूर्वक रह सके।

**( लेखक साहित्य और अर्थशास्त्र के विद्वान हैं, संपर्क 9559419018)**

## पहला पुल

- सुमित उपाध्याय



मैं उस पहले आदमी को देख रहा हूं/जो चल रहा है/नये- नये बने पुल पर/निर्भीक, मुस्कुराता, मुग्ध मानव !
और तभी/सामने आ जाता है/चित्र संसार के पहले पुल का !
बड़े - बड़े तैरते पीपों से बने पुल पर/पहले कदम धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे हैं/कांपते कदम अंत तक/भर चुके हैं आत्मविश्वास से
वही विश्वास/ले हर आदमी/आप, मैं, सब पार करते जा रहे हैं/ नदी, जंगल, पहाड़, समंदर
आज का आदमी कितना ऋणी है/ उस पहले आदमी का/ (वही पहला:जिसके कदम कांप उठे थे)/ पहले पुल पर
( चित्र में ग्रीक कजरमा पुल है जो संसार का सबसे पुराना पुल माना जाता है )

**(धर्म का सत्ता और राजनीति से, स्थान और सम्पत्ति से, सामाजिक आचरण और व्यवहार से, विचार और चिन्तन से, साहित्य और कलाओं से संबंध और सहकार रहा है। उनमें तनाव भी जब-तब आते रहे हैं। बुनियादी तनाव इससे उपजता रहा है कि धर्म सर्वग्रासी होना चाहता रहता है: वह अपने को मानव प्रयत्न के सभी उपक्रमों से ऊपर और व्यापक माने जाने पर इसरार करता रहा है।हिन्दी अंचल में साहित्य का धर्मों से संवाद, एक तरह से, दिनकर-अज्ञेय-वीरेन्द्र कुमार जैन-नरेश मेहता आदि के बाद लगभग समाप्त हो गया। इस विसंवादिता ने साहित्य को उस बड़े सामाजिक यथार्थ से विमुख कर दिया जो अपने विकराल राजनैतिक विद्रूप में, बेहद हिंसक और क्रूर ढंग से हमें आक्रान्त कर रहा है। हम आस्था को अनुष्ठान में बदले जाने को लाचार देख भर रहे हैं।)**

# धर्म और साहित्य

कभी-कभार



अशोक वाजपेयी

इन दिनों धार्मिकता, धार्मिक उन्माद, धार्मिक हिंसा, सभी बहुत उभार पर हैं। बेरोजगारी के अभूतपूर्व विस्तार के समय, बहुतों को धर्म की रक्षा करने का रोजगार मिल रहा है। देश और कई प्रदेशों की लोकतांत्रिक पद्धति से चुनी गयी सत्ताएँ बहुत दिखाऊ ढंग से धर्मपरायण हो गयी हैं। विडम्बना यह है कि यह सब कुछ अध्यात्म और आस्था को निरे अनुष्ठान और तमाशे में बदल रहा है और धर्म का अज्ञान तेजी से बढ़ रहा है।

ऐसे मुकाम पर धर्म और साहित्य के संबंध पर थोड़ा विचार करना प्रासंगिक है। दोनों का संग-साथ लगभग शुरू से है। बहुत से धर्मों के आदि और संस्थापक ग्रन्थ, जिनमें वेद, कुरान, बाइबिल, गुरुग्रन्थ साहिब शामिल हैं, कविता में रचे गये हैं। कई सदियों तक बहुत सारा साहित्य धार्मिक भावनाओं और कथानकों से प्रेरित होकर लिखा जाता रहा है: धर्म साहित्य का उपजीव्य रहा है। दूसरी तरफ, साहित्य का संघर्ष धर्म की रूढ़ियों, अन्याय-अतिचार, विपथगामिता, कट्टरता, जकड़बन्दी, जड़ता आदि के विरूद्ध रहा है। महाभारत, भक्ति काव्य आदि ने धर्म के विचलन और पाखण्ड के विरूद्ध हस्तक्षेप किया है। यह भी कहा जा सकता है कि ऐसे मुकाम पर साहित?य ने एक तरह से स्वयं धर्म को स्वधर्म की याद दिलायी है।

धर्म का सत्ता और राजनीति से, स्थान और सम्पत्ति से, सामाजिक आचरण और व्यवहार से, विचार और चिन्तन से, साहित्य और कलाओं से संबंध और सहकार रहा है। उनमें तनाव भी जब-तब आते रहे हैं। बुनियादी तनाव इससे उपजता रहा है कि धर्म सर्वग्रासी होना चाहता रहता है: वह अपने को मानव प्रयत्न के सभी उपक्रमों से ऊपर और व्यापक माने जाने पर इसरार करता रहा है।

भारत में आठ धर्म हैं: चार का हमने आविष्कार किया और चार बाहर से आये। यह धार्मिक बहुलता भाषाओं-भोजनों-वेशभूषाओं-रीति-रिवाजों आदि की बहुलता के साथ-साथ है। यह भी याद रखना चाहिये कि बौद्ध जैन और सिख धर्म बहुसंख्यक हिन्दु धर्म से असहमति से उपजे धर्म रहे हैं और इन सभी ने भारतीय परम्परा में श्रेष्ठ साहित्य, कला और स्थापत्य, दर्शन और चिन्तन को उत्प्रेरित किया है। उन चार ने भी जो बाहर से भारत में आये। इस अर्थ में भारतीय परम्परा और सभ्यता धर्मबहुल और धर्मसमृद्ध हैं।

हिन्दी अंचल में साहित्य का धर्मों से संवाद, एक तरह से, दिनकर-अज्ञेय-वीरेन्द्र कुमार जैन-नरेश मेहता आदि के बाद लगभग समाप्त हो गया। इस विसंवादिता ने साहित्य को उस बड़े सामाजिक यथार्थ से विमुख कर दिया जो अपने विकराल राजनैतिक विद्रूप में, बेहद हिंसक और क्रूर ढंग से हमें आक्रान्त कर रहा है। हम आस्था को अनुष्ठान में बदले जाने को लाचार देख भर रहे हैं।

### मोटापे से मरते शहर

इस बार अपने घरू शहर सागर लगभग दस साल बाद गया। पिछली बार विश्वविद्यालय के किसी आयोजन में आमंत्रित था सो गया था। विश्वविद्यालय को केन्द्रीय हुए डेढ़ दशक तो हो ही गये होंगे और हालत यह है कि वह किसी क्षेत्र में किसी उपलब्धि या प्रयत्न के लिए नहीं जाना जाता। एक छोटे से शहर में स्थापित इस विश्वविद्यालय की उस समय देशव्यापी कीर्ति थी जब मैं वहाँ 1959-60 में छात्र था। अनेक विषयों में श्रेष्ठ विद्वान अध्यापक थे जिनमें हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, भौतिकी, भूगर्भशास्त्र, दर्शन, काव्यशास्त्र आदि शामिल थे। 1960 में जब वहाँ से बीए करने के बाद में दिल्ली सैण्ट स्टीवेन्स कॉलेज में एम.ए. के लिए दाखिला लेने आया तो कुछ बीस मिनिट में मुझे वह मिल गया: प्रिंसीपल के सचिव ने कहा आप सागर से आए हैं, आपको कैसे नहीं मिलेगा! उस समय वहाँ हिन्दी विभाग के बुलावे पर जैनेन्द्र कुमार और राहुल सांकृत्यायन और हमारे याने बीए के छात्रों के निमंत्रण पर अज्ञेय और मुक्तिबोध के व्याख्यान हुए थे। 1958 में इसी विश्वविद्यालय में पढ़ रहे हम पाँच छात्रों ने 'समवेत' नाम की पत्रिका निकाली थी जिस में शमशेर-अज्ञेय-मुक्तिबोध-भवानीप्रसाद मिश्र-नागार्जुन-गिरिजराज कुमार माथुर- प्रभाकर माचवे- केदारनाथ सिंह से लेकर निर्मल वर्मा, शानी, कमलेश्वर, विद्यानिवास मिश्र आदि की रचनाएँ छपी थीं। आचार्य नन्ददुलारे वाजपेयी ह्यआलोचनाह्व पत्रिका का संपादन करते थे। कान्ति कुमार जैन, धनंजय वर्मा, विजय बहादुर सिंह आदि अनेक लेखक उसी समय छात्र थे।

सागर अब स्मार्ट सिटी है और तरह-तरह की तोड़फोड़ हो रही है। वह बेहद जनाकीर्ण है और उसमें हर मुहल्ला बाजार हो गया लगता है। उसके प्रसिद्ध तालाब के ऊपर एक फ़्लाई ओवर बन गया है। हर जगह कुरूचिपूर्ण ढंग से रँगे नये-पुराने मंदिर हैं। कटरा बाजार की मुख्य सड़क कुछ चैड़ी हो गयी है पर वहाँ से निकलने पर दोनों तरफ एक भी पुस्तक की दूकान नजर नहीं आयी जबकि पहले कम से कम दो-तीन थीं और साथी बुकडिपो तो हम युवा लेखकों का दैनिक अड्डा था। चिरौंजी की बरफी तो अब भी सौभाग्य से बनती-मिलती है। मसजिद के पास जो मुँगोड़ेवाला बदमिजाज बैठा था उसकी याद आयी। पता नहीं अब मुँगोड़े वैसे स्वादिष्ट स्मार्ट सिटी में कहाँ बनते हैं। सागर एक साफ-सुथरा शहर था जो खासा मैला-कुचैला लग रहा था। हमारे सरकारी हाई स्कूल की पत्थर की इमारत में विस्तार हो गया है और पुराना सौम्य स्थापत्य भड़कीले विस्तार में सहमा सा खड़ा है। सरकारी अस्पताल भी लगा कि पीछे ढकेल दिया गया है और प्राइवेट वार्ड की पथरीली सड़क कुछ सँकरी लग रही थी जिससे माँ का शव हम नीचे सम्हालकर उतार कर लाये थे, अपनी अन्तिम यात्रा के लिए।

सागर इतना बदल गया, मोटा गया है कि हम जैसों को सागर ही नहीं लगता। वहाँ की साहित्य-धारा भी सूख सी गयी है और पुराना शहर अब भौतिक रूप से नहीं उसके कवियों की कविता में ही बचा है और उसकी याद भी सागर के नागरिकों को शायद नहीं है।

### एक त्रयी यह भी

दिन भर लम्बा आयोजन सागर जैसे शहर में अब भी सम्भव है और उसमें डेढ़ेक सौ लोग मौजूद रहे यह सुखकर और उत्साहजनक था। शहरों में पहले के कवियों की स्मृति जगाने के अभियान का यह दूसरा आयोजन था जिसे ह्यसाहित्य सागर: दोह्न नाम से युवा कवि-आलोचक मिथलेश शरण चौबे और श्यामलम संस्था ने संभव किया। तीन दिवंगत कवियों आग्नेय, जितेन्द्र कुमार और रमेशदत्त दुबे पर लोगों ने अरूणाभ सौरभ, मदन सोनी, संगीता गुन्देचा, शशि कुमार सिंह, शशिभूषण मिर आदि के सुचिन्तित विचार सुने। इस अवसर पर प्रकाशि पुस्तिका ह्यपुनरपिह्न से तीन छोटी कविताएँ देखें:

**सूर्यास्त में एक छोटा स्मरण**

उंगलियां धूप की नहीं होतीं/धूप वसन्त की नहीं होती/वसन्त सूर्य का नहीं होता/सूर्य आकाश का नहीं होता/आकाश: नेत्रों का होता है। (आग्नेय)

**एक कविता**

इसके सिवा कुछ और बाकी नहीं था,/आवाजें उस वक्त भी/मेरे करीब आ रही थीं,/पर उनका कोई मतलब नहीं रह गया था।/मैंने खिड़की की सलाखों के बाहर झाँका/वहाँ आकाश और पेड़ छाये हुए थे/बेमतलब आवाजें मेरे करीब तक आयीं।/और बेवजह मैंने खिड़की के बाहर झाँका,/वहाँ पेड़ और पेड़ छाये हुए थे/और आकाश छाये हुए थे। (जितेन्द्र कुमार)

**एक दिन ऐसा होगा**

एक दिन ऐसा होगा/चन्द्रमा टकरायेगा/उसके सिर से/सूर्य/उसकी मोतियाबिन्द आँखों में/चकाचौंध भर देगा/आकाश के तारों को/चुन-चुनकर तोड़ लेगी वह फूलों की तरह।/एक दिन ऐसा होगा/वह लीपेगी अपना आँगन/तो पूरी पृथ्वी लिप जायेगी। (रमेशदत्त दुबे)

**( लेखक वरिष्ठ कवि एवं साहित्यिक, सांस्कृतिक चिंतक हैं)**

# बजती रहेगी जाकिर हुसैन के तबले की थाप

श्रद्धांजलि



ललित गर्ग

दुनियाभर में शास्त्रीय संगीत में भारत को अलग पहचान दिलाने वाले उस्ताद और मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन अब हमारे बीच नहीं रहे। 73 साल की उम्र में हुसैन ने अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में आखिरी सांस ली। उनके निधन से आज भारतीय संगीत की लय थम गई, सुर मौन हो गए, भाव शून्य हो गए। मौसिकी की दुनिया में हुसैन के तबले की थाप एक अलहदा पहचान रखती है, वे दुनिया भर के अनगिनत संगीत प्रेमियों द्वारा संजोई गई एक असाधारण विरासत छोड़ गए हैं, जिसका प्रभाव आने वाली पीढ़ियों तक बना रहेगा। भारतीय तबले की गौरवशाली परंपरा की सुगंध विश्व भर में प्रसारित करने वाले हुसैन के अनंत में विलीन होने से गहन सन्नाटा छा गया है। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत एवं तबला वादन का दुनिया में विशिष्ट स्थान है, क्योंकि यह सत्यं, शिवं और सौन्दर्य की युगपत उपासना की सिद्ध एवं चमत्कारी अभिव्यक्ति है। उन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत में क्रांति का शंखनाद किया।

उस्ताद जाकिर हुसैन का जन्म 9 मार्च 1951 को हुआ, जाकिर हुसैन तबला वादक उस्ताद अल्ला रक्खा के बेटे थे। हुसैन का बचपन मुंबई में ही बीता। 12 साल की उम्र से ही जाकिर हुसैन ने संगीत की दुनिया में अपने तबले की आवाज को बिखेरना शुरू कर दिया था। प्रारंभिक शिक्षा और कॉलेज के बाद हुसैन ने कला के क्षेत्र में अपने आप को स्थापित करना शुरू कर दिया। 1973 में उनका पहला एलबम लिविंग इन द मैटेरियल वर्ल्ड आया था। उसके बाद तो जैसे जाकिर हुसैन ने ठान लिया कि अपने तबले की आवाज को दुनिया भर में बिखेरेंगे। 1979 से लेकर अब तक जाकिर हुसैन विभिन्न अंतरराष्ट्रीय समारोहों और एलबमों में अपने तबले का दम दिखाते रहे। जाकिर हुसैन भारत में तो बहुत ही प्रसिद्ध थे साथ ही साथ विश्व के विभिन्न हिस्सों में भी समान रूप से लोकप्रिय थे। वे भारतीय संगीत जगत का एक उज्ज्वल नक्षत्र थे। वे पारम्परिक कौशल, रचनात्मकता एवं संवेदनशीलता से युक्त तबला वादन में कल्पनाशील विस्तार, गहन अलौकिकता और अचूक कलात्मक संयम एवं वैभव के लिये विख्यात थे। वे अपनी कला के अकेले महारथि थे। उन्होंने शास्त्रीय संगीत एवं कला को लोकरंजन का साधन बनाने के लिये क्लिष्टता को दूर कर उसे सुगम बनाया। ईश्वर को आलोकपुंज मानते हुए उससे एकाकार होकर अपनी कला को प्रस्तुति देते हुए हुसैन ऐसा प्रतीत कराते थे, मानो उनका ईश्वर से सीधा साक्षात्कार हो रहा है। यही कारण है कि उनके तबले वादन एवं संगीत साधना से रू-ब-रू होने वाले असंख्य लोग उनकी साधना में गौता लगाते हुए मंत्रमुग्ध हो जाते थे। उनका यह स्थान सर्वोपरि रहा है, जिसे अब कोई पुरा नहीं कर सकता। उनके निधन से तबला वादन संसार की एक पाठशाला आज वीरान हो गई।

जाकिर हुसैन यूं तो सम्मान एवं पुरस्कारों से ऊपर थे। फिर भी उन्हें 1988 में जब पद्मश्री का पुरस्कार मिला था तब वह महज 37 वर्ष के थे और इस उम्र में यह पुरस्कार पाने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति भी थे। इसी तरह 2002 में संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण का पुरस्कार दिया गया था। 22 मार्च 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उस्ताद जाकिर हुसैन तबले को हमेशा आम लोगों से जोड़ने की कोशिश करते थे। यही वजह थी कि शास्त्रीय विधा में प्रस्तुतियों के दौरान बीच-बीच में वे अपने तबले से कभी डमरू, कभी शंख तो कभी बारिश की बूंदों जैसी अलग-अलग तरह की ध्वनियां निकालकर सुनाते थे। वे कहते थे कि शिवजी के डमरू से कैलाश पर्वत से जो शब्द निकले थे, वही शब्द लेकर उन्हें ताल की जुबान में बांधा। हम सब तालवादक, तालयोगी या तालसेवक उन्हीं शब्दों को अपने वाद्य पर बजाते हैं। गणेशजी इन सबके कुलदेव हैं। उस्ताद जाकिर हुसैन की शख्सियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने महज 11 साल की उम्र में अमेरिका में पहला कॉन्सर्ट किया। यानी तकरीबन 62 साल तक उनका और तबले का साथ नहीं छूटा। उन्हें उनकी पीढ़ी के सबसे महान तबला वादकों में माना जाता है।

जब तबले का जिक्र आता है तो सबसे बड़े नामों में उस्ताद जाकिर हुसैन का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। उन्होंने न सिर्फ अपने पिता उस्ताद अल्ला रक्खा खां की पंजाब घराने (पंजाब बाज) की विरासत को आगे बढ़ाया, बल्कि तबले के शास्त्रीय वादन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ले गए। उस्ताद को संगीत की दुनिया का सबसे बड़ा ग्रैमी अवॉर्ड 1992 में 'द प्लेनेट ड्रम' और 2009 में 'ग्लोबल ड्रम प्रोजेक्ट' के लिए मिला। इसके बाद 2024 में उन्हें तीन अलग-अलग संगीत एलबमों के लिए एकसाथ तीन ग्रैमी मिले। 1978 में जाकिर हुसैन ने कथक नृत्यांगना एंटोनिया मिनीकोला से शादी की थी। उनकी दो बेटियां हैं, अनीसा कुरैशी और इसाबेला कुरैशी। अनीसा ने यूसीएलए से स्नातक किया है और वह एक फिल्म निमार्ता हैं। 1983 में जाकिर हुसैन ने फिल्म 'हीट एंड डस्ट' से अभिनय के क्षेत्र में कदम रखा। इसके बाद 1988 में 'द परफेक्ट मर्डर', 1992 में 'मिस बैटीज चिल्डर्स' और 1998 में 'साज' फिल्म में भी उन्होंने अभिनय किया।




हुसैन का तबला वादन का सृजन एवं संगीत मनोरंजन एवं व्यावसायिकता के साथ आध्यात्मिकता एवं सृजनात्मकता का आभामंडल निर्मित करने वाला है। उनके भारतीय शास्त्रीय संगीत की साधना एवं तबला वादन का उद्देश्य आत्माभिव्यक्ति, प्रशंसा या किसी को प्रभावित करना नहीं, अपितु स्वान्तः सुखाय, पर-कल्याण एवं ईश्वर भक्ति की भावना है। इसी कारण उनका शास्त्रीय संगीत, एवं तबला वादन स्वरों की साधना सीमा को लांघकर असीम की ओर गति करती हुई दृष्टिगोचर होती है। उनका उनका तबला वादन हृदयग्राही एवं प्रेरक है क्योंकि वह सहज एवं हर इंसान को आत्ममुग्ध करने, झकझोरने एवं आनन्द-विभोर करने में सक्षम है। भगवान शिव की जीवंतता को साकार करने वाला यह महान कलाकार सदियों तक अपनी शास्त्रीय-संगीत साधना एवं तबला वादन के बल पर हिन्दुस्तान की जनता पर अपनी अमिट छाप कायम रखेगा। 90 के दशक में ताजमहल चाय के 'वाह ताज' विज्ञापन ने उन्हें हर घर में पहचान दिलाई। इस विज्ञापन में चाय की चुस्की लेते हुए उनकी तबला जुगलबंदी के दौरान बोली गई वाह ताज ने ताजमहल चाय को आम लोगों में फेमस कर दिया था।

जाकिर हुसैन के तबला वादन की तासीर ही है कि उन्हें सुनते एवं देखते हुए कोई शख्स तनावों की भीड़ में शांति महसूस करता तो किसी के अशांत मन के लिये वह समाधि का नाद होता है। उनका संगीत एवं तबला वादन चंचल चित्त के लिये एकाग्रता की प्रेरणा होता तो संघर्ष के क्षणों में संतुलन का उपदेश। वह एक दिव्य एवं विलक्षण चेतना थी जो स्वयं संगीत एवं तबला वादन में जागृत रहती और असंख्य श्रोताओं के भीतर ज्योति जलाने का प्रयास करती। हर जगह यह बेजोड़ तबला वादक शास्त्रीयता की राह पर चलते हुए भक्ति का एक लोकपथ सृजित करता था, धरती से ब्रह्माण्ड तक, संगीतप्रेमियों से वैज्ञानिकों तक, राजनीतिज्ञों से साधकों तक सबकी नजरें इस अलौकिक एवं विलक्षण तबला वादक पर लगी रहती थी। आधुनिक संदर्भों में शास्त्रीय तबला के मूर्धन्य एवं सिद्ध उपासकों की कड़ी में जाकिर हुसैन का देवलोकगमन होना एक महान संगीत एवं तबला परंपरा में गहरी रिक्तता एवं एक बड़े खालीपन का सबब है। भले ही मृत्यु उन्हें छिपा ले और महत्तर मौन उन्हें घेर ले, फिर भी उनके स्वर, तबला वादन एवं संगीत का नाद इस धरती को सुकोमलता का अहसास कराता रहेगा।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क 9811051133)**

व्यंग्य



# कुर्सी वंदना

**डा. मुकेश असीमित**

लो जी, अब तनिक कुर्सी प्रेमियों को भी कुछ खुशखबरी सुना दें। कुर्सी का बिछोह सबसे बड़ा गम है। कुर्सीगिरी ऐसे ही नसीब नहीं होती। अपनी कुर्सी कैसे बचाए रखनी है, बस इसी जुगत में सब कुलबुलाते रहते हैं। कुर्सी की ऊँचाई भी छोटी-बड़ी होती रहती है। आपकी कुर्सी दिन दूनी, रात चौगुनी अपना कद ऊँचा करे, इसके लिए हम कुछ नायाब फामूर्ले लेकर आए हैं।

आप चाहते हैं कि आपको आपकी मनचाही कुर्सी मिले, और आपका सात जन्मों तक का कुर्सी-संगम बना रहे। कुर्सी को विरोधियों की बुरी नजर से बचाव मिले, तो आप ये फामूर्ला जरूर अपनाएँ। शर्तिया सफलता की गारंटी बिलकुल चांदसी दवाखाने के हकीम की मर्दानगी ताकत वापस दिलाने की गारंटी जैसी।

सबसे पहले, अपने गले में रुद्राक्ष की जगह किसी खाती से 108 मनकों की कुर्सी बीड-नुमा माला बनवाएँ। इसे गले में डालकर रखें। सुबह-शाम गले से उतारकर इसका जाप करें। जाप के साथ यह मंत्र उच्चारण आवश्यक है:

'ॐ कुर्स्याय नमः'

एक बार कुर्सी प्राप्त हो जाने के बाद, जिस प्रकार से आप रंग बदलते हैं, उसी प्रकार से मंत्र जाप भी बदल लें। अब यह मंत्र जाप करना है:

'अधिष्ठानम् अक्षयं कुरु'

इस मंत्र का अर्थ है, 'कुर्सी को स्थिर और अक्षय बनाओ।' यह मंत्र कुर्सी को स्थायित्व प्रदान करने की प्रार्थना करता है, जिससे कि वह सदैव आपके नियंत्रण में रहे और आपको उस पर से गिरने, उतरने, धकियाने या गिराने का भय न हो। यह मंत्र कुर्सीधारकों को एक आध्यात्मिक आश्वासन प्रदान करता है कि उनकी कुर्सी उन्हें आत्मविश्वास और शांति प्रदान करेगी।

कुर्सी प्राप्त होने के बाद यदि कुर्सी पूजन महोत्सव रखा जाए, तो आपकी कुर्सी की स्थिरता की शत-प्रतिशत गारंटी है।

मान लीजिए, आपका नया-नया प्रमोशन हुआ है या आपको जुगाड़ लगाकर मंत्री पद प्राप्त हुआ है। नई नवेली कुर्सी आपको प्राप्त हुई है।पता लगा की कुर्सी -संगम को गिने चुने चार दिन भी नहीं हुए कि आ गया कोई न कोई विलेन आपके इस संगम को गम में बदलने के लिए.. । पहली बात तो यह कि इतनी आसानी से कहाँ यह कुर्सी मिलती है? भाई, बड़े जतन से, जोड़-तोड़, जुगाड़ और कुछ नये-पुराने वादों की मिश्रित खाद से यह कुर्सी हासिल की गई है।

अब, इससे पहले कि कुर्सी के साथ रंगरेलियाँ मनाना शुरू करें, क्यों न एक बार कुर्सी पूजन को विधिवत निपटा लें? तो चलिए, आज हम लोग कुर्सी का पूजन करेंगे, विधि-विधान से। पंडित जी को बुला लें, शुरू में आप मुझे भी बुला सकते हैं। आजकल तो वैसे भी ब्रिज कोर्स का जमाना है। सोचा है, डॉक्टरी बढ़िया चले न चले, ये कुर्सी-पूजन कर्मकांड से ही कमा लेंगे। तो हम कुर्सी के लिए विशेष मंत्रोच्चार करेंगे, ताकि कुर्सी से पर किसी की नजर न उलझे और इसमें नवग्रह-शक्ति का प्रयोग करके इसे और भी अजेय बनाया जा सके।

मंत्र इस प्रकार है:

'ॐ कुरसीयै नमः, ॐ बैठकाय स्थापिनमः सिद्धिं कुरु कुरु स्वाहा।'

इस मंत्र का अर्थ है कि कुर्सी पर बैठने वाले को स्थायित्व प्राप्त हो और कोई भी चुनावी हवा इसे उड़ा न सके। पंडित जी इस कुर्सी के चारों ओर लोभ, मोह, काम, क्रोध के फूल चढ़ाएंगे, जो राजनीति के पंचतत्व हैं।

अब पूजा का मुख्य आकर्षण: चढ़ावा। चढ़ावे में मंत्री जी से अपने पूर्व वादों की माला, जनता के सपनों को चूर कर बनाए गए बुरादे की मिठाई, और विपक्ष की आलोचनाओं की धूप-बाती अर्पित करें। ये सब कुर्सी की सेवा में पेश करने से कुर्सी की ऊर्जा और बढ़ जाती है।

अंत में, सभी आरती उतारें, जिसमें कुर्सी के चारों ओर मीडिया के कैमरे और राजनीतिक समर्थकों की फ्लैश लाइट्स भी शामिल करें। ये सब प्रथम पूज्य आराध्य देव हैं, जो आपकी कुर्सी को टिकाए रखने में मदद करेंगे। आरती के बाद सभी मिलकर प्रसाद रूप में 'सत्ता का स्वाद' मिश्रित मावे की मिठाई का भोग लगाएं।

कुर्सी पूजन के पश्चात माहौल को और उत्सवमय बनाने के लिए 'कुर्सी उत्सव' का आयोजन कर सकते हैं। इस आयोजन का प्रस्ताव और खर्च किए जाने वाले फंड को हाई लेवल मीटिंग में पहले ही स्वीकृत करवा लें। कुर्सी उत्सव को सालाना वार्षिक उत्सव की तरह ऑफिस प्रोसीडिंग में शामिल करवाया जा सकता है।

कुर्सी के स्वागत के लिए एक विशेष 'कुर्सी रथ' का आयोजन किया जाए, जिसे समर्थकों द्वारा फूलों और गुब्बारों से सजाया जाए। इस रथ को उन चार नेताओं से खिंचवाया जाए, जिन्होंने आपकी कुर्सी को हथियाने में खींचातानी की थी। रथ यात्रा के दौरान बैंड-बाजे बजवाएं और 'कुर्सी महारानी की जय' के नारे लगवाएं। कुर्सी की महिमा को बखान करते हुए, एक विशेष भक्ति-गीत को गवैयों से गवाया जाए, जिसमें गीत के बोल हो सकते हैं:

'कुर्सी तेरे साथ में, सब कुछ अपने हाथ में।'

अगर दिल्ली तक आपकी पहुंच है, तो कृपया इस भक्ति गीत को भी लोकतंत्र के राष्ट्रीय गीत की मान्यता दिलवा दें। इस बहाने गीत की रॉयल्टी मुझे मिलती रहेगी, तो मेरा भी रोटी-पानी का जुगाड़ हो जाएगा।

आप चाहें तो एक मजेदार कुर्सी दौड़ का आयोजन करवा सकते हैं, वैसे भी यह तो देश का राष्ट्रीय खेल घोषित हो जाना चाहिए था अब तक । इस खेल में तो सभी नेता पहले से ही माहिर हैं, इसलिए ज्यादा कुछ बताने की जरूरत नहीं होगी।

सभी नेताओं को एबीएस अपनी-अपनी कुर्सियों पर बैठकर दौड़ना होगा। नेता बिना कुर्सी के अपंग हैं, दीन-हीन और बेसहारा हैं। आप उन्हें दौड़ाएंगे तो वे एक कदम भी न चल सकेंगे। यह बहुत मजेदार खेल होगा, देखना कि कैसे सभी नेता अपनी-अपनी कुर्सियों को धकेलते हुए फिनिश लाइन की ओर बढ़ रहे होंगे।

समारोह की अंतिम प्रतिस्पर्धा में, आप 'कुर्सी टग ऑफ वॉर' जैसा खेल रख सकते हैं या रूमाल-झपट्टा की तरह 'कुर्सी-झपट्टा' जैसा कोई खेल-यह आपकी मर्जी। कुर्सी को बीच में रस्से से बांध दीजिए, और फिर दोनों तरफ से दोनों गुटों के नेता रस्सी खींचें।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# 'आप' कार्यकर्ताओं ने दरोगा व लेखपाल के खिलाफ उठायी आवाज, सौंपा पत्रक

**विरोध**

**ब्लॉक अध्यक्ष की पिटाई से नाराज आप कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन**

**दरोगा पर नहीं हुई कार्रवाई तो होगा आमरण अनशन : सुनील पांडेय**

**संबंधित लेखपाल पर भी कार्रवाई की हुई मांग**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** आम आदमी पार्टी के मझवा ब्लॉक के अध्यक्ष ओमप्रकाश बिंद एवं महिला कार्यकर्ता मीना देवी को थाने पर शिकायत लेकर जाने पर कछवां दरोगा सुनील कुमार राय द्वारा 15 दिसंबर को थाने के बाहर बर्बर तरीके से मारने पीटने की घटना के खिलाफ आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव सुनील कुमार पांडेय एडवोकेट एवं जिलाध्यक्ष प्रो. बी सिंह के नेतृत्व में 'आप' के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने एसपी कार्यालय एवं जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए अनुशासनहीन एवं कर्तव्यहीन दरोगा को तत्काल निलंबित करने तथा 14 दिसंबर को ग्राम सभा करहर में घटित घटना की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने और विपक्षियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग से संबंधित ज्ञापन पत्र दिया गया।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन के बाद आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव सुनील कुमार पांडे एडवोकेट जिलाध्यक्ष, जिला महासचिव दिलीप सिंह गहरवार एडवोकेट एवं विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सोनकर एडवोकेट ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करके उन्हें सारी घटना से अवगत कराते हुए मझवां ब्लाक के अध्यक्ष ओमप्रकाश बिंद को थाने के बाहर पीटने वाले दरोगा सुनील कुमार राय को तत्काल निलंबित करने की मांग करते हुए ज्ञापन पत्र सौंपा। जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी अखिलेश पांडेय को सौंप कर मनमाने ढंग से पैमाइश करने वाले लेखपाल रामा गिरी को निलंबित करने का पत्र सौंपा। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सुनील कुमार पांडेय एडवोकेट ने कहा कि जनपद की पुलिस निरंकुश हो गई है। महिलाएं थाने पर प्रार्थना पत्र लेकर जाती हैं तो पुलिस उनकी समस्या का निस्तारण करने के बजाय उनको पीटने का कार्य करती है। रात्रि में पैमाइश के समय महिला पुलिस की गैर मौजूदगी में महिलाओं के साथ पुलिसकर्मी गाली गलौज करते हैं। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से दिलीप सिंह गहरवार, मनोज कुमार सोनकर, मनोज कुमार गौतम, मोहम्मद यासीन, हेमंत कुमार मौर्य, ओमप्रकाश बिंद, प्रदीप, गौरीशंकर, फूलपत्ती देवी, रन्नू देवी, सविता देवी, इंदिरा देवी, अनीता देवी, झुमका, सुनीता, मंजू देवी, मीना देवी, निर्मला देवी समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे।



प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता

## एसआई पर आंख पर थप्पड़ से मारने का लगाया आरोप

**हलिया।** क्षेत्र के अमहा मुड़ेल गांव निवासी रामपाल चौरसिया ने ड्रमंडगंज थाने में तैनात एक एसआई पर थप्पड़ से आंख पर मारने का आरोप लगाते हुए सोमवार को सीएम पोर्टल पर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। सीएम पोर्टल पर दिए गए प्रार्थना पत्र में रामपाल ने आरोप लगाया कि रतेह चौराहा स्थित घर पर बीते रविवार को रात साढ़े आठ बजे के करीब छोटा भाई नंदकिशोर चौरसिया शराब के नशे में आकर मुझे गाली-गलौज देने लगा। उसे घर जाने के लिए समझाने लगा कि भाई की तेज आवाज सुनकर रतेह चौराहा पर मौजूद एसआई और एक हेड कांस्टेबल मेरी दुकान पर पहुंचे। एसआई ने बिना कुछ पूछे गाली देते हुए मेरे मुंह पर दो थप्पड़ मार दिए, जिससे मेरी दाहिनी आंख में चोट आ गई। रामपाल चौरसिया ने एसआई के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में एसआई कृपाशंकर यादव ने बताया कि दो भाई आपस में झगड़ा किए थे। मौके पर पहुंचकर झगड़ा नहीं करने के लिए समझाया गया था। थप्पड़ से मारने का आरोप गलत लगाया जा रहा है।

## संदिग्ध हालात में लगी आग से जला गरीबों का आशियाना



**अगलगी**

**शोरगुल सुनकर घर के सदस्यों ने बाहर भागकर बचाई जान**

**जिगना।** विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के विजयपुर गांव में रानी के तालाब के सामने दलित बस्ती मे आग लगने से तीन मड़ई जलकर खाक हो गयी। घटना रविवार की देर रात बताई गई। गांव निवासी लक्षनधारी, रतन कुमार और संतोष कुमार की आस पास मड़ई थी जिसमें तीनों परिवार के 11 लोग सो रहे थे।

आस आस के लोगों के शोर मचाने पर परिवार के सभी सदस्य बाहर आ गये और लोगों ने समर्सिबल से जब तक आग पर काबू पाते तब तक सब कुछ जल कर खाक हो गया। गृहस्थी का सारा सामान जलने के साथ संतोष कुमार का 28 हजार, रतन कुमार का 40 हजार, गेंहू, चावल, दाल, कपड़े और बिस्तर सब कुछ जलकर खाक हो गया। परिवार ठंड के इस मौसम में बेघर है गया।

प्रधान विजयपुर शहीदा बानो ने पीड़ित परिवार को गेहूं, चावल व अन्य खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया। राजस्व विभाग व स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी गयी। आग कैसे लगी इसका पता नही चल पाया।

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्रिस्तान बनाने को लेकर ग्रामीणों का विरोध

**नाराजगी**

**नक्शे मे दर्ज बाइस बिस्वा सरकारी बंजर जमीन पर शव दफनाकर कर दिया पक्का निर्माण**

**ग्रामीणों के विरोध पर सरकारी जमीन पर शव दफन करने से राजस्व विभाग ने रोका**



मौके पर मौजूद अधिकारी

**अदलहाट।** थाना क्षेत्र के छोटा मिर्जापुर मे बाइस बिस्वा की सरकारी जमीन पर अवैध रुप से कब्रिस्तान के नाम पर शव दफन कर कब्जा कर रहे लोगों को ग्रामीणों के विरोध पर तहसील प्रशासन ने रोक दिया। शव दफनाने गये लोगों को गांव में पहले से आवंटित कब्रिस्तान में शव दफनाने को समझाकर भेज दिया गया। मौके पर राजस्व विभाग की टीम में तहसीलदार चुनार के नेतृत्व मे सीओ चुनार आदि लोग पहुंच गये थे।

विकास खंड जमालपुर अन्तर्गत ग्राम छोटा मिर्जापुर मे आराजी नम्बर 130 रकबा 2.78 हेक्टेयर बाइस बिस्वा जमीन सरकारी नक्से में बंजर जमीन के नाम से दर्ज है। गांव के मनबढ किस्म के अवांछनीय तत्वों द्वारा उक्त जमीन पर शव दफना दिया जा रहा था। जिसका ग्रामीण बराबर विरोध करते रहते थे।

ग्रामीणों ने बताया कि मुसलमानों को शव दफन करने के लिए बहुत पहले से ही गांव मे एक बिस्वा कब्रिस्तान की जमीन आवंटित है। साथ ही गांव मे इदगाह की जमीन के पास भी जमीन कब्रिस्तान के रुप में आवंटित है। इसके बावजूद गांव के सरकारी बंजर जमीन पर कब्रीस्तान के नाम पर कब्जा किया जा रहा था। उक्त सरकारी जमीन में दो पक्का मजार बना दिया गया है। एक पक्का मजार को लेकर अवैध रुप से पक्का भवन बनाकर हरा रंग के कपड़े से ढक दिया गया है। घटना के विषय मे चौकी इंचार्ज नरायनपुर जयदीप सिंह ने बताया कि ग्राम छोटा मिर्जापुर निवासी हमीदन निशा 85 वर्ष पत्नी स्व. जहूर का सोमवार को निधन हो जाने पर दफन करने के लिए उक्त सरकारी जमीन मे गड्ढा खोदा जाने लगा। ग्रामीणों के विरोध पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर शव दफन करने से रोक दिया। मृतका के पुत्र शमीम को गांव मे पहले से आवंटित कब्रिस्तान में शव दफनाने को भेज दिया। मौके पर पहुंचे तहसीलदार चुनार योगेंद्र शरण शाह ने उक्त सरकारी जमीन की तारबंदी कराकर सरकारी कब्जा को पुख्ता करा दिया।

सरकारी जमीन को लेकर कोई विवाद नही होने पाये इसके लिए मौके पर भारी पुलिस बल जुटी रही। इस दौरान सीओ चुनार मंजरी राव, प्रभारी निरीक्षक थाना अदलहाट अमित मिश्रा, कानूनगो संजीव कुमार पांडेय, लेखपाल सुनील मौर्या, एसओ चुनार रविंद्र भूषण मौर्या, इंसपेक्टर क्राइम आरपी यादव, चौकी इंचार्ज नरायनपुर जयदीप सिंह दल बल के साथ मौजूद रहे।

# गड़बड़ा धाम मेला का समापन, दो लाख श्रद्धालुओं ने किया दर्शन

**दर्शन पूजन**

**मंदिर का कपाट खुलते ही भक्तों ने लगाए मां के जयकारे**

जनसंदेश न्यूज



दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**हलिया।** विकास खंड हलिया के प्रसिद्ध गड़बड़ा धाम में आयोजित पंद्रह दिवसीय मेले का समापन सोमवार को गवईहवा मेले के बाद सम्पन्न हुआ। सोमवार को भेर में मंदिर का कपाट खुलते ही भक्तों ने कतारों में खड़े होकर दर्शन पूजन किया।

मेले में क्षेत्रीय जनपद के अलावा मध्यप्रदेश के हनुमना, रीवां, सीधी, सतना, प्रयागराज, सोनभद्र, भदोही और वाराणसी सहित कई स्थानों से भक्तों ने पहुंचकर मां शीतला माता के दरबार में मन्नतें मांगी। गड़बड़ा धाम में शीतला माता का अनोखा चमत्कार है जहां चेचक, हैजा और महामारी जैसी बीमारियों में भी मां के चरणों का जल रामबाण साबित होता है। सोमवार को गवईं मेला होने के कारण भक्तों से क्षेत्र गुलजार रहा। भोर में मंदिर किनारे स्थित सेवटी नदी के किनारे भक्तों ने कढ़ाही चढ़ाकर हलआ पूरी का भोग लगाया। इस दौरान मां के जयकारे से समूचा पंडाल गूंजता रहा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर तीन बैरियर लगाकर पुलिस भीड़ को नियंत्रित करती रही। भक्तों को दर्शन पूजन कराने में हलिया पुलिस व पीएसची तथा महिला पुलिस लगी रही। मंदिर पुजारी मंगलधारी मिश्र ने बताया कि लगभग दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गड़बड़ा धाम में दर्शन पूजन किया।

## अनियंत्रित होकर गिरे बाइक सवार, इलाज के दौरान एक की मौत

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत चुनरी बंधा के पास बीती रात एक बाइक पर सवार दो लोग मीरजापुर रिश्तेदारी जा रहे थे कि चुनरी बंधा के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए जिससे बाइक सवार दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार एक व्यक्ति के सूचना पर पहुंचे परिजनों ने एम्बुलेंस 108 को सूचित किया। मौके पर पहुंची एंबुलेंस सेवा से दोनों घायलों को ट्रामा सेंटर मीरजापुर ले जाया गया। जहां पर उपचार के दौरान लवलेश पाल पुत्र दयाशंकर पाल उम्र 25 वर्ष निवासी अतरैला थाना संतनगर की मौत हो गई। सूर्यबली पुत्र बोधई उम्र 28 वर्ष निवासी अतरैला का इलाज चल रहा है। अस्पताल के मेमो पर पहुंची लालगंज थाने की पुलिस विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# खेलकूद से नेतृत्व क्षमता का होता है विकास : प्रो. अमित

**संबोधन**

**श्रीमती इंदिरा गांधी राजकीय पीजी कॉलेज में क्रीड़ा समारोह का हुआ शुभारंभ**

**लालगंज।** श्रीमती इंदिरा गांधी राजकीय पीजी कालेज में सोमवार को वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. अमित भारद्वाज ने किया। उद्घाटन के दौरान उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में ईमानदारी, श्रम और कर्तव्य का महत्व कभी कम नहीं होता।

सफलता का आधार परिश्रम और ईमानदारी से किए गए कार्य होते हैं। उन्होंने कहा कि खेलकूद से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि टीम भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। विशिष्ट अतिथि बस्ती पीजी कालेज के डा. भारत भूषण ने अपने संबोधन में खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ये जीवन में अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का सबसे अच्छा माध्यम है। उपनिदेशक डा. बी एल शर्मा ने छात्रों को स्मार्ट कार्यशैली सिंपल, मेजरबल, अचीवेबल, रीजनेबल और टाइम-बाउंड अपनाने की सलाह दी। प्राचार्य डा. के गिरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि खेलकूद से न केवल व्यक्तित्व का विकास होता है, बल्कि यह नेतृत्व के गुण भी सिखाता है।

क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल के रूप में डा. राहुल कुमार, डा. रामप्रकाश पाल, डा. शिवधर सिंह, डा. बिंदेश्वरी पांडेय और डा. अभय चंद्रा ने अपनी भूमिका निभाई। इस अवसर पर शिवांगी पांडेय, सुशील दुबे, राजेंद्र सिंह यादव, शमला शंकर पटेल और बाल कृष्ण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। संचालन डा. अजीत प्रताप सिंह ने किया।

## निजी अस्पताल संचालक पर तीमारदार ने लगाया धन उगाही का आरोप

**मीरजापुर।** राजगढ़ क्षेत्र में संचालित प्राइवेट अस्पतालों के संचालकों द्वारा इलाज के नाम पर मरीजों का खुलेआम धड़ल्ले से शोषण किया जा रहा है। जिससे पीड़ित एक मरीज के तीमारदार का एक वीडियो शोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। तीमारदार क्षेत्र की एक अस्पताल संचालक पर धन उगाही का गम्भीर आरोप लगा रहा है। राजगढ़ क्षेत्र में बहुतायत संख्या में निजी अस्पताल तथा पैथालाजी सेंटर नियम विरुद्ध तरीके से संचालित हो रहे है। इन सेंटरों पर कोई भी डिग्री धारक डॉक्टर दिखाई नही देता। इन दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमे मरीज के तीमारदार द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि उसकी पत्नी गर्भवती थी। जिसकी डिलीवरी के लिए ददरा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक द्वारा महिला के ऑपरेशन व दवा इलाज के एवज में कुल 44000 रुपये का खर्च बताया गया।

## क्विज में आकांक्षा ने मारी बाजी

**सीखड़।** नरोत्तम सिंह पदम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मगरहा में चल रहे पांच दिवसीय रोवर्स/ रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के तृतीय दिवस की शुरूआत दैनिक उपस्थिति, प्रार्थना तथा झंडा गीत के साथ आरंभ हुआ। सभी रोवर्स/ रेंजर्स प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों द्वारा नियम, प्रतिज्ञा, वर्दी, टोली का ज्ञान, इत्यादि के बारे में जानकारी ली। तत्पश्चात प्रतिभागियों को ध्वज शिष्टाचार, प्राथमिक सहायता से संबंधित थ्योरी तथा प्रैक्टिकल की जानकारी साथ ही स्ट्रेचर बनाना सिखाया गया और वर्दी, फ्लैग की जानकारी दी गई। क्विज, पोस्टर तथा निबंध प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। क्विज में आकांक्षा सिंह प्रथम, सुप्रिया गौतम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर तीन छात्राएं आनंदी बिंद, शिखा तथा कोमल रही। पोस्टर प्रतियोगिता में काजल, आनंदी तथा सानिया सिंह क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रही। निबंध प्रतियोगिता में दीप्ति, पूजा व अभिषेक क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। संचालन रेंजर्स प्रभारी डा. नीलम तथा रोवर्स प्रभारी डा. रामनरेश ने किया।

# 13 केन्द्रों पर दो पालियों में होगी परीक्षा



**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा सम्मिलित राज्य, प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा आगामी 22 दिसम्बर रविवार को दो पालियों में आयोजित किया जा रहा है। परीक्षा को जनपद में सकुशल, शान्तिपूर्ण व नकलविहीन सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सोमवार को एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक नितेश सिंह सहित परीक्षा केन्द्रों के प्राचार्य, केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बैठक में बताया गया कि जनपद के 13 विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिसमें बिनानी पीजी कालेज भरूहना, बीएलजे इण्टर कालेज मुकेरी बाजार, आर्य कन्या पाठशाला इण्टर कालेज मीरजापुर, श्री माता प्रसाद माता भीख इण्टर कालेज घण्टाघर, जुबली इण्टर कालेज रमईपट्टी, बंसत इण्टर कालेज मुसफ्फरगंज, शिव इण्टर कालेज डंकिनगंज, राजकीय इण्टर कालेज महुवरिया, राजस्थान इण्टर कालेज देवपुरवा, विन्ध्य विद्यापीठ इण्टर कालेज स्टेशन रोड विन्ध्याचल, सुन्दर मुन्दर जायसवाल नगर पालिका बालिका इण्टर कालेज बाजीराव कटरा, काशीराम बालिका इण्टर कालेज मुसफ्फरगंज तथा पालीटेक्निक रीवा रोड बथुआ निकट शीतला माता मन्दिर मीरजापुर, दो सत्रो में यथा पूर्वान्ह 09:30 बजे से 11:30 बजे तक एवं अपरान्ह 02:30 बजे से 04:30 बजे तक आयोजित किए जाएगें। नकलविहीन, सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु 13 सेक्टर मजिस्ट्रेटों के अलावा प्रत्येक केन्द्रो पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई हैं। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को यह भी निर्देशित किया गया है कि 22 दिसम्बर परीक्षा के दिन प्रातः 05:30 बजे व 10:30 बजे से कोषागार मीरजापुर में पहुंचकर प्रश्नपत्र की सील्ड बंडल एवं चाभियों के पैकेट को प्राप्त कर आरक्षीगण के साथ निर्धारित परीक्षा केन्द्र के केन्द्र व्यवस्थापक, सह केन्द्र व्यवस्थापक की उपस्थिति एवं लाइव सीसीटीवी कैमरो की निगरानी में उपलब्ध करायेंगे।

उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, लालगंज आसाराम वर्मा, मड़िहान युगांतर त्रिपाठी, चुनार राजेश वर्मा, डिप्टी कलेक्ट शक्ति प्रताप सिंह, सौम्या मिश्रा, हेमंत मिश्रा, मुख्य कोषाधिकारी अर्चना त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक मायाराम, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण की पैमाइश कराने पहुंची जिलाधिकारी

**चील्ह।** थाना क्षेत्र के मझिगवां गांव में नाली के अतिक्रमण की पैमाइश कराने सोमवार को डीएम प्रियंका निरंजन पहुंची। लखनपुर गांव में सिंचाई के लिए ट्यूबेल का पानी मझिगवां गांव होते हुए पुराने बाड़ा की तरफ सिंचाई कार्य के लिए जाता था। मीरजापुर-औराई मार्ग के हाइवे निर्माण के साथ ही नाली क्षतिग्रस्त होने के साथ समाप्त हो गई। जिसका लाभ उठा करके कुछ लोगों ने नाली पर कब्जा करके मकान बना लिया। नाली कब्जा को लेकर के दो पक्ष में कई वर्षों से विवाद का मुकदमा न्यायालय मे विचाराधीन है। जिसका मौका मुआयना सोमवार को डीएम राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंची। पैमाईश मलाधरपुर गांव के सरहद से शुरू होकर मझिगवां गांव होते हुए लखनपुर सरकारी नलकूप तक पहुंची। पूरी पैमाइश डीएम के सामने कराई गयी। लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए गए सड़क का नक्शा उपलब्ध होने पर ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। इस दौरान एसडीएम सदर तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार लेखपाल, कानूनगो के साथ चील्ह थाना प्रभारी शिवशंकर सिंह पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### पति की तेरहवीं के अगले दिन पत्नी ट्रेन से कट मरी

**मीरजापुर।** पति के तेरहवीं के अगले दिन पत्नी ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। कटरा थाना क्षेत्र के साई गार्डन के पास भैसा गोदाम निवासिनी मीरा देवी 40 वर्ष पति रामआसरे ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर आरपीएफ पहुंची। इसके बाद इसकी सूचना कटरा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुची कटरा पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मौके पर परिजन भी मौजूद रहे।

### माता-पिता की डांट से क्षुब्ध किशोर ने खाया विषाक्त

**मीरजापुर।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के तालर गांव की 17 वर्षीय किशोरी के कार्य व्यवहार से परेशान माता पिता ने डाट कर ठीक से घर के काम मे सहयोग करने की बात कही। जिससे क्षुब्ध किशोरी ने घर में रखे जहरीले कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। इस संबंध में चिकित्सक डा. अजीत केसरवानी ने बताया कि कीटनाशक के सेवन से बीमार किशोरी का इलाज किया जा रहा है।

### ट्रक ने विद्युत पोल में मारी टक्कर, आपूर्ति बाधित

**मीरजापुर।** मड़िहान कस्बा स्थित सोनभद्र मीरजापुर मार्ग पर सोमवार की भोर बेकाबू ट्रक विद्युत पोल व पेड़ में टक्कर मारते हुए दुकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया संयोग अच्छा रहा कि दुकान बंद था, नहीं तो बड़ी दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। जबकि कस्बे के लोग भोर से ही इसी सड़क मार्ग पर मार्निंग वाक करते हैं जिससे बड़ी दुर्घटना होने से टली। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से भागने का प्रयास किया लेकिन सफलता नही मिली। विद्युत पोल उखड़ने से दर्जन भर गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के कर्मचारी व पुलिस मौजूद रही।

### धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने पर सात पर मुकदमा

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव में सोमवार को नीम के पेड़ के नीचे रखी गई मूर्तियो को फेंके जाने के मामले में गांव के ही बहादुर लाल मौर्य की तहरीर पर मदारपुर गांव निवासी सात लोगों के विरुद्ध धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया। प्रभारी निरीक्षक अजय सेठ ने बताया कि पिछले सोमवार को मदारपुर गांव में स्थित एक बगीचे में नीम के पेड़ के नीचे रखी राधा कृष्ण, शिवलिंग, नंदी महाराज की मूर्ति को फेंके जाने के छः दिन बाद गांव के ही बहादुर लाल मौर्य द्वारा तहरीर दिए जाने के बाद मुस्लिम पक्ष के सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सभी मूर्तिया मिल गई थी।

### भूमि विवाद में महिला को जान से मारने की मिली धमकी

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के करौंदा गांव निवासिनी पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर विपक्षियों द्वारा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता संगीता पत्नी स्वर्गीय उमेश पाल का आरोप है कि कुछ दिन पूर्व गांव का ही एक मनबढ़ युवक उसकी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया। जिसकी सूचना संतनगर थाने पर दिया। सूचना देने से नाराज विपक्षी अपने साथी के साथ रात में घर पर पहुंच कर जान से मार देने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने रविवार को थाने पर लिखित शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की है। थानाध्यक्ष जितेंद्र सरोज ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### ईंट लदा ट्रैक्टर पलटा, बाल-बाल बचा चालक

**मीरजापुर।** चुनार थाना क्षेत्र चौकी सक्तेशगढ़ के सिद्धनाथ दरी के चढ़ाई पर सोमवार की दोपहर कैलहट से ट्रैक्टर ट्राली पर ईंट लादकर जैसे ही बाबा सिद्धनाथ की चढ़ाई पर पहुचा ही था कि अचानक पीछे जाने लगा। जब तक चालक कुछ समझ पाता तब तक सड़क किनारे लगे लोहे के डिवाइडर से ट्राली फस कर रुक गई नही तो सैकड़ो फिट नीचे दरी में चला जाता। वही ट्रैक्टर भी ट्राली के हिच के सहारे रूककर पलट गया। सड़क जाम होते देख चालक किसी तरह से उससे निकल कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे सक्तेशगढ़ चौकी प्रभारी ने घंटो मशक्कत के बाद रास्ते को सुचार रूप से संचालन करने के लिए डिवाइडर में फंसा ट्राली ट्रैक्टर को हटवाते हुए अग्रिम कार्यवाही में जुट गये।

### सरहंगई से निर्माण कार्य रोकने का लगाया आरोप

**हलिया।** क्षेत्र के देवहट गांव निवासी मिश्रीलाल व सूर्यलाल तथा रमाशंकर व शिवशंकर ने गांव निवासी जीवनदास, सुरेश व रमेश पर सरहंगई के बल पर निर्माण कार्य रोकने का आरोप लगाते हुए डीएम को पत्रक देकर कार्रवाई की मांग की है। डीएम को दिए पत्रक में बताया कि देवहट गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे मेरी भूमि है। जिस पर घर का निर्माण करवाया जा रहा है। विपक्षियों द्वारा जबरन निर्माण कार्य रोका जा रहा है जबकि इस भूमि से उनका कोई लेना-देना नही है। एसडीएम व तहसीलदार लालगंज ने इस संबंध में पूर्व मे लेखपाल से रिपोर्ट मांगी थी। जिसकी रिपोर्ट लेखपाल द्वारा दी जा चुकी है। पीड़ितों ने डीएम को पत्रक देकर जबरन कब्जा करने वाले विपक्षियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### दो बाइकों की टक्कर में अधेड़ घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बैधा गांव निवासी 45 वर्षीय पकंज सिंह मनिगढ़ा की तरफ से गांव वापस आ रहे थे, कि पिपरा की तरफ से मानिगढ़ा गांव निवासी 16 वर्षीय राहुल मौर्य पुत्र राजेंद्र मौर्य अपनी 40 वर्षीय मां उर्मिला को बैठा कर जा रहा था। दोनों में हलिया मनिगढ़ा मार्ग पर पावर हाउस के पास आमने-सामने टक्कर हो गयी जिससे दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार के बाद चिकित्सक विवेक खरे ने मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। पिछे बैठी राहुल की मां उर्मिला को हल्की फुल्की चोटें आई हैं। चिकित्सक ने बताया कि दोनों के सिर पैर एवं हाथ में गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया गया है।

### 37 महिलाओं ने कराई नसबन्दी

**मड़िहान।** पटेहरा ब्लाक के पीएचसी परिसर में सोमवार को आयोजित साप्ताहिक नसबन्दी शिविर में 37 महिलाओं ने नसबन्दी कराई। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. अभिषेक जायसवाल ने बताया कि परिवार नियोजन के तहत कुल 37 महिलाओं ने नसबन्दी कराई है। नसबन्दी कराने वाली सभी महिलाओं के एम्बुलेंस से घर छोड़ने की सुविधा दी जाती है अथवा उनके खाते में दो हजार रुपए पुष्टाहार के लिए प्रोत्साहन राशि भेजी जाएगी।

### संजय सिंह बने निर्विरोध प्रबंधक

**अदलहाट।** क्षेत्र के नव ज्योति इंटर कालेज गरौड़ी के प्रबंधकीय कार्यकारिणी का चुनाव रविवार को चुनाव पर्यवेक्षक विजय कुमार मिश्र प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल कठिनई पहाड़ी की देखरेख मे निर्विरोध संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी गोपाल सिंह पूर्व प्रधानाचार्य मुराहू सिंह इंटर कालेज मनउर द्वारा अध्यक्ष पद पर रामलखन सिंह, उपाध्यक्ष कालिन्दी लाल श्रीवास्तव, प्रबंधक संजय कुमार सिंह, उप प्रबंधक मृतुंजय पांडेय व कोषाध्यक्ष पद पर अकिलुद्दीन अहमद चुने गये।

### साइबर फ्रॉड ने अध्यापक के खाते से उड़ाए 55 हजार

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नगर पालिका क्षेत्र में पड़ने वाले पट्टीकला मोहल्ला निवासी अध्यापक महेन्द्र कुमार सोनकर के मोबाइल पर बैंक ऑफ बड़ौदा के नाम से आए एक लिंक को भरने के बाद उनके खाते से पांच बार मे 55 हजार कट गया। पैसा कटने का मैसेज मोबाइल पर आते ही अध्यापक के होश उड़ गए। पीड़ित महेन्द्र सोनकर ने आनलाइन शिकायत दर्ज कराने के साथ ही स्थानीय थाने पर भी तहरीर दिया है। महेन्द्र सोनकर ने बताया कि उनका खाता अहरौरा नगर के सत्यानगंज मोहल्ले में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में है जिसमे लगभग एक लाख 77 हजार था। रविवार को मोबाइल मे स्थित एक ग्रुप पर बैंक ऑफ बड़ौदा के नाम का एक लिंक आया तो महेन्द ने बैंक का लिंक समझ कर उसको भर दिया और शाम को उनके मोबाइल से चार बार मे 55 हजार कट गए। पैसा कटने का मैसेज आते ही उनके होश उड़ गए और शेष बचे पैसे को उन्होंने अपने एटीएम से इस डर से निकाल लिया कि कहीं यह भी न कट जाए। पीड़ित ने पैसा कटने की आनलाइन शिकायत दर्ज कराने के साथ ही स्थानीय थाने पर भी तहरीर दिया है।

### कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिए चलाया विशेष अभियान

**मीरजापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र आर.पी. सिंह के निर्देशन में सोमवार को परिक्षेत्र के समस्त जनपदों में अपराध एवं अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के दृष्टिगत 24 घंटे के विशेष अभियान चलाया गया। परिक्षेत्र के समस्त जनपदों मे एनबीडब्ल्यू के अभियुक्तों, पुरस्कार घोषित अपराधियो, वांछित अभियुक्तों, आबकारी अधिनियम, 170 बीएनएसएस में अभियुक्तों की गिरफ्तारी के साथ 07 वर्ष से कम सजा के अभियुक्तों पर कार्रवाई व 34 पुलिस एक्ट/292 बीएनएस की कार्रवाई के संबध मे विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में परिक्षेत्र के जनपदों में प्रभावी कार्रवाई कराते हुए पुलिस द्वारा संवेदनशील, संदिग्ध व चिन्हित स्थानों व जनपदों की सीमा से लगने वाले लगने वाले अंतर्जनपदीय, अंतर्राज्जीय बार्डर बैरियरों पर दबिश देकर चेकिंग करायी गयी। जिसके फलस्वरूप 75 अभियुक्तों की गिरफ्तारी के साथ 3 गोवंश समेत एक पिकप बरामद किया गया। विवेचनाओं के निस्तारण में प्रभावी कार्रवाई कराते हुए जनपद मीरजापुर में 54 सोनभद्र मे 106 तथा भदोही में 33 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया। इस प्रकार परिक्षेत्र स्तर पर कुल 193 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया।

